किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ- 226003
कुलसचिव कार्यालय

फोनः 91-0522-2253171 फैक्सः 91-0522-2257539 वेबसाईटः www.kgmcindia.edu.

पत्रांक संख्याः-362../ई0/2024 दिनांक.14..03..2024

सूचना

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ में नर्सिंग आफीसर के पद हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति संख्याः-16/गै0शै0 नियु0 एवं चयन अनु0/23, दिनांक 22.06.2023 से सामान्य भर्ती के 1276 पद तथा विज्ञप्ति संख्याः-15/गै0शै0 नियु0 एवं चयन अनु0/23, दिनांक 22.06.2023 से प्रकाशित बैकलॉग भर्ती के 15 पद सहित कुल-1291 पद विज्ञापित किये गये, जिसके सापेक्ष उत्तीर्ण अभ्यर्थियो से उनके अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त सामान्य भर्ती के 1240 पद तथा बैकलॉग भर्ती के 09 पद की चयन सूची चिकित्सा विश्वविद्यालय की वेबसाईट (kgmu.org) पर अपलोड की जा रही है।

साथ ही साथ अभिलेखों के परीक्षण में 376 अभ्यर्थियों के उपस्थित न होने तथा 11 अभ्यर्थियों द्वारा अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण प्रपत्र प्रस्तुत किये जाने के दृष्टिगत कुल-387 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया जाता है, जिसकी सूची भी वेबसाईट पर अपलोड की जा रही है। अभ्यर्थन निरस्त किये गये अभ्यर्थियों की सूची में से किसी को पुनः अभिलेखों के सत्यापन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा उनके द्वारा इस हेतु भविष्य में किये गये आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिनांक 07 मार्च, 2024 को अपलोड की गयी अनन्तिम चयन सूची में दिनांक 12 मार्च, 2024 को आमंत्रित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए तथा अभ्यर्थन निरस्त किये गये 387 अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए कुल-1249 अभ्यर्थियों की चयन सूची अन्तिम रूप से अपलोड की जा रही है।

कुलसचिव
के0जी0एम0यू0, लखनऊ

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सदस्य सचिव, आई0टी0 सेल, के0जी0एम0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को के0जी0एम0यू0 की वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
2. मा0 कुलपति के वैयक्तिक सहायक को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
के0जी0एम0यू0, लखनऊ